सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-254
07/06/2017

मुख्यमंत्री ने जदयू नेता एवं किसान आयोग के पूर्व सदस्य श्री बागेश्वरी प्रसाद सिंह से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा

पटना, 07 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिला के सरमेरा से लौटने के क्रम में बाढ़ के ग्राम शहरी स्थित जदयू नेता एवं किसान आयोग के पूर्व सदस्य श्री बागेश्वरी प्रसाद सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री बागेश्वरी प्रसाद सिंह काफी दिनों से अस्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनका कुशलक्षेम पूछा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

****